# समाचार

## महापौर ने दी नगर विकास को तेज गति, उचित दिशा – नगर विधायक

### (वार्ड क्र. 11 नर्सरी मोहल्ला में किया गया सामुदायिक मंच जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण)




कोरबा 17 अगस्त 2017 –नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने नगर के विकास कार्यो की प्रशंसा करते हुए आज कहा है कि महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कोरबा नगर निगम क्षेत्र के विकास को तीव्र गति एवं उचित दिशा प्रदान की है, जिसकी बदौलत निगम क्षेत्र में आज जनसमस्याएं दूर हुई हैं तथा लोगों को आवश्यक मूलभूत सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं। उन्होने कहा कि निश्चित रूप से महापौर एवं उनकी टीम इसके लिए बधाई की पात्र हैं, मैं विश्वास करता हूॅं कि आगे भी विकास की यह गति कायम रहेगी।

उक्त बातें विधायक श्री अग्रवाल ने आज निगम के कोरबा जोनांतर्गत वार्ड क्र. 11 नर्सरी मोहल्ला में विधायक मद से पूर्व में निर्मित सामुदायिक मंच के जीर्णोद्धार कार्य के लोकार्पण अवसर पर कही। वार्ड क्र. 11 नर्सरी मोहल्ला में पूर्व में विधायक मद से निर्मित सामुदायिक मंच का पार्षद मद से जीर्णोद्धार का कार्य कराया गया है, जिसका लोकार्पण आज महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा किया गया, उन्होने फीता काटकर सामुदायिक मंच के उन्नयन कार्य को जनता की सेवा में समर्पित किया। इस मौके पर विधायक श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि महापौर के मार्गदर्शन में वार्ड क्र. 11 में सड़क, नाली, सामुदायिक भवन सहित अन्य विभिन्न विकास कार्य कराए गए हैं तथा जो कार्य शेष बचे होंगे, उन्हे महापौर द्वारा शीघ्र ही कराया जाएगा, ऐसा विश्वास रखता हूॅं। उन्होने कहा कि मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि निगम के सभी 06 जोन के अंतर्गत आने वाले समस्त 67 वार्डो में व्यापक पैमाने पर विकास के कार्य महापौर श्रीमती अग्रवाल द्वारा कराए गए हैं तथा इन कार्यो में आमजनता की सुख सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा गया है तथा मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस अवसर पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्र की जनता की इच्छा मेरे लिए सर्वोपरि है तथा मेरा पूरा प्रयास रहता है कि उनकी प्रत्येक विकास संबंधी मांग को पूरा किया जाए तथा सड़क, नाली, पानी, बिजली व साफ–सफाई जैसी मौलिक सुविधाओं की उपलब्धता उन्हें सुनिश्चित हो, इसी लक्ष्य को ध्यान मे ंरखकर निगम द्वारा विगत ढाई वर्षो से विकास व निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होने कहा कि विकास व निर्माण कार्यो में किसी प्रकार का भेदभाव किए बिना केवल जनता जनार्दन की आवश्यकता एवं उनकी मांग के आधार पर कार्यो को गति एवं दिशा दी जा रही है।

इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य दिनेश सोनी, पूर्व पार्षद महेश अग्रवाल, समाज सेविका मंगल बुधिया, संतोष लांझेकर, लक्ष्मीदास, परमेश्वरी सोनी, रामसिंह राजपूत, राधेश्याम, राजू यादव, आशा ठाकुर, सुनीता पटेल, ललिता चौहान, श्यामा देवांगन, उर्मिला राजपूत आदि के साथ काफी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।